समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# यूपी मे 46 डिग्री का टॉर्चर! आज भी जारी रहेगा प्रचंड गर्मी का तांडव, इन जिलों मे होंगी बारिश।

Publisher

Published on 12 Jun 2025



## उत्तर प्रदेश मे आज भी भीषण गर्मी का कहर, 46 डिग्री के पार पारा; कुछ जिलों मे मिलेगी राहत, IMD ने जारी किया बारिश और वज्रपात का अलर्ट।

**लखनऊ, 12 जून 2025**: उत्तर प्रदेश इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। कई जिलों में पारा **46 डिग्री सेल्सियस** के पार पहुंच गया है। **झांसी, आगरा, बांदा** जैसे इलाके गर्म हवाओं और लू की चपेट में हैं, वहीं कुछ जिलों में आज हल्की बारिश की संभावना भी जताई गई है। मौसम विभाग ने प्रदेश के लिए **मिला-जुला मौसम** रहने का पूर्वानुमान जताया है।

**भीषण गर्मी से बेहाल यूपी, कई जिलों मे ऑरेंज अलर्ट**
**मौसम विभाग (IMD) के अनुसार, झांसी, आगरा, मथुरा, नोएडा** और **गाजियाबाद** में भीषण हीटवेव आज भी जारी रहेगी। इन जिलों के लिए **ऑरेंज अलर्ट** जारी किया गया है। वहीं **बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर** और **महोबा मे यंलो अलर्ट** घोषित किया गया है।

इन इलाकों में गर्म हवाओं के साथ-साथ तेज धूप लोगों की सेहत पर असर डाल सकती है। **मौसम विशेषज्ञों** ने बुजुर्गों और बच्चों को दिन के समय घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

**इन जिलों मे होंगी बारिश, गरज-चमक और धूल भरी आंधी की चेतावनी**
मौसम विभाग के मुताबिक, **सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, कुशीनगर, बस्ती, संत कबीर नगर** और **गोरखपुर** में आज बारिश की संभावना है।

इन जिलों में 30–40 किमी/घंटे की रफ्तार से तेज धूल भरी **आंधी, मेघगर्जन** और **वज्रपात** की चेतावनी दी गई है। साथ ही कुछ इलाकों में हल्की बारिश से राहत की उम्मीद है।

**गर्मी से राहत कब मिलेगी ?**

अगले 6 दिनों में अधिकतम **तापमान मे 3 से 5 डिग्री** की गिरावट की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 15 जून के बाद बारिश का सिलसिला तेज होगा और प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मानसून की सक्रियता देखने को मिलेगी। इससे भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिल सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.